# प्रादेशिक समाचार
## 28.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर आज पंचतत्व में विलीन हो गया। दिल्ली के निगम बोध घाट पर उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया।

अंतिम संस्कार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई नेता शामिल हुए।

******************

नीति आयोग के जरिये आयोजित केंद्र स्तरीय समीक्षा बैठक में खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड ने शानदार प्रदर्शन करने साथ ही ईस्टर्न जोन में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान हासिल करने पर कर्रा प्रखंड को डेढ़ करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गयी। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि एवं सामाजिक विकास जैसे छह प्रमुख प्रक्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है। कर्रा प्रखंड ने सभी छह प्रक्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

******************

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने नक्सल गतिविधियों से जुड़े मामले में गिरिडीह जिले में कई जगहों पर छापेमारी की है। इस दौरान जिले के पीरटांड़ इलाके में कई लोगों से पूछताछ भी की गयी। छापेमारी के दौरान कई मोबाइल और सिमकार्ड जब्त किये गये हैं। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस भी दिया गया है। दरअसल, गिरिडीह जिले के पारसनाथ क्षेत्र में माओवादियों के रसद और इलेक्ट्रानिक वस्तुओं की आपूर्ति में किये जाने का खुलासा हुआ है। एनआईए इसी मामले की जांच कर रही है।

******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जनवरी के पहले सप्ताह में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। ओडिसा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद जमशेदपुर पहुंचे श्री दास ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सदस्यता ग्रहण करने के बाद पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेवारी देगी, उसे ईमानदारीपूर्वक निभायेंगे।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चौनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

******************

लोहरदगा जिला प्रशासन द्वारा बाल मजदूरी की रोकथाम के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

******************

हॉकी इंडिया लीग आज से ओडिशा के राउरकेला में शुरू हो रही है। उद्घाटन मैच बिरसा मुंडा स्टेडियम में रात आठ बजे खेला जाएगा।
हॉकी लीग दो चरणों में खेली जाएगी। पहले चरण के मुकाबले आज से 18 जनवरी तक होंगे जिसमें सभी टीमों को आपस में एक बार खेलना होगा। दूसरा चऱण 19 जनवरी से शुरू होगा, जिसमें टीमें दो पूल में होंगी। प्रत्येक पूल में टीमें आपस में खेलेंगी। दोनों पूल की दो शीर्ष टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल मुकाबला 31 जनवरी को होगा। फाइनल मैच पहली फरवरी को खेला जायेगा।

*******समाप्त**********